# भोपाल-उज्जैन हेलीकॉप्टर सेवा 1 से

## पीएमश्री पर्यटन हेली सेवा से पर्यटकों और श्रद्धालुओं को होगा फायदा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 28 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर प्रदेश को पीएमश्री पर्यटन हेली सेवा की महत्वपूर्ण सौगात मिल रही है. एक नवम्बर को भोपाल से उज्जैन हेलीकाप्टर रवाना होगा. यह सांकेतिक शुरूआत होगी और नवम्बर माह में ही नियमित रूप से पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए हेलीकाप्टर सेवा संचालित होगी.**

इस सेवा की विशेषता यह है कि मध्यप्रदेश पर्यटन के माध्यम से पर्यटकों और श्रद्धालुओं को रहवास और स्थानीय ट्रांसपोर्ट की सुविधा भी प्रदान की जाएगी.



मध्यप्रदेश में तीन विभिन्न क्षेत्रों के लिए हेलीकाप्टर सेवा संचालित की जाएगी. इसके साथ ही प्रदेश के 9वें एयरपोर्ट उज्जैन के लिए एक नवम्बर को अनुबंध से संबंधित कार्यवाही पूर्ण की जाएगी.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार की शाम समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए यह जानकारी दी.

> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि तीन क्षेत्रों में प्रथम क्षेत्र भोपाल से उज्जैन, इंदौर, मांडव और ओंकारेश्वर रहेगा. दूसरा क्षेत्र नर्मदापुरम जिले में स्थित हिल स्टेशन पचमढ़ी के साथ ही छिंदवाड़ा जिले के तामिया और छतरपुर जिले में स्थित विश्व धरोहर स्थल खजुराहो होगा. तीसरी हेलीकाप्टर सेवा जबलपुर और कान्हा, पेंच और पन्ना राष्ट्रीय उद्यानों तक पर्यटकों के पहुंचने के लिए संचालित होगी. नवम्बर माह में ही नियमित रूप से तीनों हेलीकाप्टर सेवाएं संचालित की जाएंगी.

### बिसनूर शिव मंदिर से 32 किलो पीतल के घंटे चोरी, एक हफ्ते में दूसरी वारदात

**बैतूल.** मध्यप्रदेश में बैतूल जिले के प्रभातपट्टन क्षेत्र के ग्राम बिसनूर (आठनेर रोड) स्थित शिव मंदिर में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने दो भारी पीतल के घंटे चुरा लिए. ग्रामीणों के अनुसार चोरी हुए घंटों का कुल वजन करीब 32 किलो है, जिनमें एक का वजन 11 किलो और दूसरे का 21 किलो बताया गया है. मंगलवार सुबह जब श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो देखा कि प्रवेश द्वार से दोनों घंटे गायब हैं. सूचना मिलने पर डायल 112 और स्थानीय पुलिस चौकी मासोद का अमला मौके पर पहुंचा. आरक्षक शिवराम परते ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और रिपोर्ट दर्ज की. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है.

# दो हजार टन तक रख सकेंगे स्टाक

## गेहूं के स्टाक लिमिट 26 मार्च तक के लिए तय

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 28 अक्टूबर. भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत विशिष्ट खाद्य पदार्थों पर लाइसेंसी अपेक्षाएं, स्टॉक सीमाएं और संचलन प्रतिबंध हटाना (संशोधन) आदेश, 2025 जारी किया गया है. इस आदेश के अनुसार गेहूं पर नई स्टॉक सीमा 31 मार्च 2026 तक के लिए लागू की गई है.**

प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि भारत सरकार ने सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में गेहूं के लिए अधिकतम स्टॉक सीमा निर्धारित की है.

राजपूत ने बताया कि व्यापारी / थोक विक्रेता के अधिकतम स्टॉक सीमा 2000 मीट्रिक टन, प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिए 8 मीट्रिक टन, बिग चेन रिटेलर में प्रत्येक आउटलेट के लिए 8 मीट्रिक टन, बशर्ते अधिकतम मात्रा कुल दुकानों की संख्या 8 गुणा होना चाहिए. यह अधिकतम स्टॉक होगा जो उनके सभी रिटेल आउटलेट और डिपो पर एक साथ रखा जा सकता है. इसी प्रकार प्रोसेसर के लिए मासिक स्थापित क्षमता के 60 प्रतिशत को 2025-26 के शेष महीनों से गुणा के बराबर रखना होगा.

मंत्री ने बताया कि आदेश के तहत संबंधित विधिक इकाइयों को अपने स्टॉक की जानकारी खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर दर्ज करनी होगी. यदि किसी के पास निर्धारित सीमा से अधिक स्टॉक है, तो उसे अधिसूचना जारी होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर निर्धारित सीमा तक लाना होगा.

> उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मध्यप्रदेश गेहूं (अधिकतम स्टॉक सीमा एवं स्टॉक घोषणा, नियंत्रण आदेश - संशोधन, 2025) का प्रारूप तैयार कर लिया गया है. इस आदेश के माध्यम से विभागीय और जिला प्रशासन के अधिकारी जांच तलाशी और अभिग्रहण की कार्यवाही करने में सक्षम होंगे. राजपूत ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत सरकार द्वारा यदि भविष्य में स्टॉक सीमा की अवधि या मात्रा में कोई परिवर्तन किया जाता है, तो राज्य में वह संशोधन स्वतः प्रभावी हो जाएगा.

# छह माह में की ट्रेनों के 611 कोचों की मरम्मत

**भोपाल, 28 अक्टूबर. पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) के भोपाल स्थित सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना (सडिपुका) ने वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से सितंबर तक 611 कोचों की मरम्मत का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया है.**

भोपाल रेल मंडल ने मंगलवार को बताया कि इस वर्ष सितंबर में सीआरडब्लूएस ने 111 कोचों की पीरियोडिक ओवर हॉलिंग (पीओएच) कर अपनी दक्षता का परिचय दिया है. उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों की सतत निगरानी में भोपाल कारखाना प्रबंधन ने टीम भावना और सुनियोजित कार्ययोजना के साथ यह सफलता हासिल की है.

उन्होंने बताया कि पीओएच के दौरान कोचों की बॉडी और अंडरगियर की मरम्मत कर परिचालन में अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है. ट्रॉली, बोगी के सभी महत्वपूर्ण पार्ट्स की मरम्मत होती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं. एयर ब्रेक सिस्टम, बफर एवं अन्य संरचनात्मक उपकरणों की मरम्मत की जाती है, जिससे यात्रियों को झटका-रहित और सुरक्षित यात्रा का अनुभव होता है.

### खेल स्पर्धा लिए ट्रायल्स शिविर 8-9 नवंबर को

**भोपाल.** मध्यप्रदेश सिंचाई (जल संसाधन) विभाग स्पोर्ट्स क्लब की 34वीं अंतरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता रीवा क्षेत्र अंतर्गत 14 से 19 दिसम्बर तक आयोजित की जा रही है. इसके लिये ट्रॉयल्स शिविर 8 और 9 नवम्बर को होंगे. स्पोर्ट्स क्लब के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष मंडलिक ने बताया कि क्षेत्रीय स्पोर्ट्स क्लब भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर, इंदौर, रीवा एवं जबलपुर के सभी क्षेत्रीय अध्यक्ष को इस संबंध में अवगत करवाया गया है. सभी क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रतियोगिता अंतर्गत निर्धारित एवं प्रचलित सभी खेलों में भाग लेने के लिये अपने-अपने क्षेत्रों की टीमों के चयन की प्रक्रिया नियत तिथि 8 और 9 नवम्बर को अनिवार्य रूप से सम्पन्न करवाएंगे.


# सब मिलकर चलेंगे, तो देश आगे बढ़ेगा

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष खण्डेलवाल ने दीपावली मिलन समारोह में कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 28 अक्टूबर. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को मानस भवन में सर्व मीना समाज उत्थान संगठन द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह का शुभारंभ कर संबोधित किया.**

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने समाजजनों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली एक ऐसा पर्व है, जब हम सब गले मिलते हैं और शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करते हैं. इसके लिए आप



सिर्फ अपने समाज में ही नहीं, अन्य समाज के लोगों से भी मिलें. जब हम सब मिलकर चलेंगे, तो देश आगे बढ़ेगा, हर समाज आगे बढ़ेगा. उन्होंने कहा कि दीपावली पर भगवान श्रीराम के आगमन को लेकर उत्साह का वातावरण होता है.

> मीना समाज एक परिश्रमी समाज है. खेतिहर होने के साथ-साथ समाज के लोग मेहनत करके अपना जीवन व्यतीत करते हैं. समाज के सभी बंधुओं को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा भारत लगातार दुनिया में बुलंदियों की ओर बढ़ रहा है. हम सभी अगर मिलकर आगे बढ़ेंगे, तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश दुनिया में सबसे आगे रहेगा.

# विधायकों के वेतन, भत्ते बढ़ाने दूसरे राज्यों का किया अध्ययन

▸ **उप मुख्यमंत्री देवड़ा की अध्यक्षता में हुई समिति की बैठक**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 28 अक्टूबर. उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में विधायकों और पूर्व विधायकों के वेतन, भत्ते और पेंशन की वर्तमान व्यवस्थाओं की समीक्षा और पुनर्विचार के लिए बैठक हुई.**

बैठक में दूसरे राज्यों में विधायकों एवं पूर्व विधायकों को मिलने वाले वेतन भत्ते एवं पेंशन का अध्ययन किया गया. साथ ही कुछ और राज्यों से जानकारी प्राप्त



करने के भी निर्देश दिये गये. समिति की अगली बैठक 11 नवंबर को होगी.


बैठक में समिति के सदस्य विधायक अजय विश्नोई और वीसी के माध्यम से विधायक सचिन सुभाष यादव शामिल हुये. सदस्य सचिव अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन उपस्थित रहे.

# खरीफ की प्रमुख फसलों की बेहतर बुवाई हुई

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की कृषि क्षेत्र में प्रगति की समीक्षा

**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर. देश के कृषि क्षेत्र को इस बार अनुकूल मानसून, पर्याप्त वर्षा, जलाशयों में बेहतर जलसंग्रह के चलते काफी लाभ मिला है. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा देश में कृषि क्षेत्र की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रमुख जलाशयों में सामान्य या अधिक स्तर पर पानी संग्रहित है, जिससे सिंचाई संबंधी जरूरतें काफी हद तक पूरी हुई है व खरीफ की बुवाई समय पर पूरी हो सकी है.**

यह किसानों के लिए बड़ी राहत की बात रही, क्योंकि लगातार



पर्याप्त नमी के कारण बुवाई में तेजी आई, पौधों की वृद्धि भी संतुलित रही हैं. पर्याप्त नमी से रबी बुवाई क्षेत्र में भी वृद्धि होगी.

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में बताया गया कि खरीफ-2025 के दौरान फसलों की बुवाई काफी अच्छी हुई है. खरीफ-2025 के लिए धान की बुवाई का कुल आंकड़ा 441.58 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक है. वहीं, तिलहनी फसलों का अखिल भारतीय क्षेत्र 190.13 लाख हेक्टेयर तक दर्ज किया गया, जिसमें सोयाबीन एवं मूंगफली प्रमुख हैं. जो पोषण सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है, वहीं गन्ने का क्षेत्र 59.07 लाख हेक्टेयर तक रहा है, जिससे गन्ना उत्पादक किसान भाइयों-बहनों को सीधा फायदा होगा. बैठक में मौजूद कृषि आयुक्त डा. पी.के. सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को रिपोर्ट दी कि देशभर में सिंचाई परियोजनाओं एवं जलाशयों के लिए जल उपलब्धता में वृद्धि हुई हैं.

# मिस भोपाल ग्लेम-2025 के ऑडिशन आज

**भोपाल, 28 अक्टूबर. एनसीएफआई द्वारा आयोजित फैशन शो मिस एण्ड मिस टिन मध्यप्रदेश ग्लेम 2025 एवं मिस भोपाल ग्लेम-2025 का ऑडिशन बुधवार को दोपहर 3 बजे एन.सी.एफ.आई., जोन-.., एम.पी. नगर, भोपाल में आयोजित किया जा रहा है.**

यह एक मंच है, जहाँ पर यंग टेलेंट को निखारने और उज्जवल भविष्य में इनको टेलेंट प्रदान करने के लिए यह प्रतियोगिता प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है. इस फैशन शो का लक्ष्य ऐसे टेलेंट को सामने लाना है जिसका व्यक्तित्व में सकारात्मक दृष्टिकोण, श्रेष्ठता और समझदारी का बेहतरीन सहयोजन देखने को मिलता है.

> भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, सागर के प्रतिभागी दिसम्बर 2025 को होने वाले फिनाले में भाग लेंगे. इस फैशन शो द्वारा अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को दिखाया जायेगा. इस ऑडिशन के जजमेंट शो डायरेक्टर जहीर खान, प्रियंका नंदा, नावेद खान, मधुलिका दीक्षित, आशुतोष दुबे एवं राधिका धाकड़ होंगे.

# फिर मिले रिटायर्ड पुलिस अफसर

## 1982-83 बैच के सेवानिवृत्त एएसपी, डीएसपी का पुनर्मिलन समारोह

**भोपाल, 28 अक्टूबर. राजधानी भोपाल स्थित होटल टीयूलिप इन, बावड़िया कला में दिनांक 25 से 27 अक्टूबर तक सूबेदार, उपनिरीक्षक बैच 1982 83 के सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी), उपपुलिस अधीक्षक (डीएसपी) अधिकारियों का पुनर्मिलन (मित्र मिलन) समारोह संपन्न हुआ.**

इस समारोह में पूर्व संयुक्त मध्यप्रदेश वर्तमान में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लगभग 50 से अधिक परिवार शामिल हुए. यह श्रृंखला वर्ष 2019 से निरंतर जारी है, जिसकी शुरुआत नरसिंहपुर के करेली से हुई थी. इसके बाद यह मित्र मिलन समारोह 2020 में सागर, 2021 में रायपुर, छत्तीसगढ़ 2022 में जबलपुर, 2023 में इंदौर और 2024 में निवाड़ी (ओरछा) में आयोजित किया जा चुका है. इस वर्ष 2025 में इस आयोजन की मेजबानी भोपाल में निवासरत अधिकारियों एवं उनके परिजनों द्वारा की गई. कार्यक्रम के प्रथम सत्र में दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि दी गई.




# एसडीएम की निगरानी में किसानों को खाद वितरित

**बैरसिया, 28 अक्टूबर. बैरसिया में खाद गोदामों पर यूरिया एवं डीएपी खाद वितरण में हो रही धांधली पर अंकुश लगाने मंगलवार को एसडीएम आशुतोष शर्मा एवं तहसीलदार दीपक चौरसिया मंडी स्थित खाद वितरण गोदाम एमपी एग्रो पर बैठ गए.**

यहां पर एसडीएम शर्मा ने सर्वप्रथम खाद लेने आए किसानों के बैठने के लिए खाद वितरण स्थल पर टेंट व कुर्सियां लगवाने के साथ ही पेयजल की व्यवस्था कराई. इसके बाद कृषि विभाग और राजस्व अमला आरआई एवं पटवारियों ने किसानों की सुविधा के लिए टोकन वितरित किए.

फिर क्रमशः किसानों को यूरिया खाद बांटा गया. जहां बड़ी संख्या में महिला कृषक भी शामिल थीं. बता दें कि इसके ठीक एक दिन पहले सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित टीएल की बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने खाद वितरण में हो रही धांधली का वायरल वीडियो देखकर संज्ञान लेकर कृषि एवं विपणन संघ मार्कफेड के अधिकारियों को लताड़ लगाकर जांच के निर्देश दिए थे.




> कृषि मंडी प्रांगण स्थित एमपी एग्रो की खाद गोदाम पर एसडीएम - तहसीलदार और वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को देखकर एमपी एग्रो खाद गोदाम के संचालक मुजाईद खान सहित उनके बिचौलिया भौचक्के रह गए. जो रोज किसानों से साठगांठ कर मूल्य से अधिक दाम लेकर खाद दिलाते थे. उन्हें खाद गोदाम के इर्दगिर्द मंडराते देखा गया.

### पुलिस ने जेल पहुंचकर की एफआईआर दर्ज

**मुरैना.** जिले में एक युवक शुभम गुर्जर की बीच सड़क पर लाठी-डंडों से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के सात दिन बाद पुलिस ने न्यायालय की अनुमति से जेल पहुंचकर युवक शुभम की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है.मारपीट की घटना के समय अचानक चली गोली लगने से शुभम से मारपीट करने का मुख्य आरोपी देवेंद्र गुर्जर गंभीर रूप से घायल हो गया था.



# डेढ़ लाख का सागौन का फर्नीचर जब्त

**बेगमगंज, 28 अक्टूबर. वन कर्मियों की टीम ने बेगमगंज के चोर बावड़ी मोहल्ले में मंगलवार को छापामारी कर करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत का सागौन का फर्नीचर जब्त किया है.**

मुखबिर की सूचना पर नगर के चोर बावड़ी मोहल्ले से एक अवैध फर्नीचर बनाने वाले कारीगर के कारखाने पर वनकर्मियों ने डीएफओ प्रतिभा शुक्ला ने निर्देशानुसार उप वन मण्डलाधिकारी के द्वारा जारी सर्च वारंट पर रेंजर अरविंद अहिरवार के नेतृत्व में डिप्टी रेंजर एसएल डाबर द्वारा वनकर्मियों की टीम के साथ छापामारी करके चोर बावड़ी मोहल्ले में मनोज विश्वकर्मा पिता कुंदन लाल विश्वकर्मा के द्वारा संचालित अवैध लकड़ी फर्नीचर कारखाने से भारी मात्रा में सागौन का निर्मित 69 नग चिरान एवं 18 नग फर्नीचर एवं फर्नीचर निर्माण में उपयोग करने वाले औजार बड़ी संख्या में जब्त किए गए.


**कार्यालय नजूल अधिकारी, तहसील कोलार, भोपाल**

**(मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020)**

**(अध्याय दो राज्य शासन के किसी विभाग नजूल भूमि का हस्तांतरण कंडिका 13 (2) अध्याय नौ प्रकीर्ण कंडिका 142 के अनुसार**

**उद्घोषणा**

**प्रकरण क्र. 07/अ-20 (...)/2025-26**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर जिला भोपाल म.प्र. का पत्र क्रमांक 289/आर.एम./2025 भोपाल दिनांक 28/8/2025 से ग्राम बावड़िया कलां, तहसील कोलार स्थित भूमि खसरा नंबर 178, रकबा 0.393 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 288, रकबा 0.089 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 300/1, रकबा 0.162 हेक्टेयर मिसरोद फेस-2 योजना हेतु भोपाल विकास विभाग के पक्ष में आवंटन हेतु विभाग द्वारा मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग द्वारा दिनांक 24/9/2020 को प्रकाशित मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 के अनुसार प्रारूप 1 में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो कि दस्तावेजों सहित प्राप्त हुआ है. इस संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वह इस उद्घोषणा के जारी होने के पश्चात आगामी 15 दिवस तक इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है. समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा.

**आज दिनांक 1/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया.**

सील

**नजूल अधिकारी**
**तहसील कोलार, जिला भोपाल**



**सार्वजनिक सूचना**

**एपैक्सएग्रो फ़र्टिलाइजर्स प्रा. लि. कंपनी के अंतर्गत निम्न उल्लिखित 100% जल में घुलनशील मिश्रित उर्वरक का आयात कर सम्पूर्ण मध्य प्रदेश राज्य में विक्रय किया जायेगा।**

ग्रेड NPK सूची:- 24:24:00, 12:61:00, 00:52:34, 00:40:40, 13:00:45, 00:00:50, 00:60:20, 19:19:19, 08:16:39, 11:44:11, 16:08:32, 28:28:00, 30:10:10, 05:55:43, 00:09:46, 00:42:47, 00:44:44, 00:47:48, 05:14:34, 05:55:18, 09:11:37, 10:54:10, 14:48:00, 17:44:00, 13:40:13, 16:08:24, 11:40:11, 21:11:21, 27:10:10+Fe-1%, 10:42:10-ZN-1%, 05:55:17+B-1%, 26:26:00+Mg-1%, 26:26:00+Zn-1%, 16:08:24.3+Mg-1.0%, 16:08:22.7+Mg-1.0%, 00:09:46.14, 00:09:37.10+Mg-1.0%, 11:39:25, 10:35:23+Zn-1.0%, 08:37:24+Zn-1.0%, 15:15:30.4, 10:15:30.7+Zn-1.0% , 15:06:30.9, 15:05:25.8+Zn-1.0%, 05:14:34.8+Zn-1.0%, 00:40:37, 00:40:36+Boron-1%, 00:47:47, यहाँ कार्य उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 (FCO-1985) के तहत अधिसूचना संख्या S.O.2900(E) 24.10.15 के अनुसार किया जाएगा!

**Company Name**
**ApexAgro Fertilizers Pvt.Ltd.**
**Survey No-663&303,**
**Post-Chavaj,BharuchGujrat-392001**



**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LIMITED**
**(A Govt. of M.P. Undertaking)**
**Office of The Dy. General Manager (Igc) Division, Mandideep**
**Phone : 07480 232269, E-mail : eeommandideep@gmail.com**

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations.

| Tender Description | Name of Unit/Office | Particulars | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| DGM/IGC/ DN/ Pur/Enq./ 25-26/1376 Mandideep Dated 28.10.2025 | Manager (HT) S-Dn. under (IGC) Dn. MPMKVVCL. Mandideep | **Type F4** - Mini Pick up-Double cabin with ladder/Any Low-End SUV half open from backside for carriage of man, materials, ladder, etc. or equivalent. (For Double Shift) | 12.11.2025 Up to 3:00 PM | 12.11.2025 at 3:30 PM |
| DGM/IGC/ DN/ Pur/Enq. /25-26/1381 Mandideep Dated 28.10.2025 | Dy. General Manager (IGC) Dn. MPMKVVCL. Mandideep | **Type G2** – Light Commercial Vehicle (Non-AC) (2 to 3 metric ton), Truck or equivalent etc. | 14.11.2025 Up to 3:00 PM | 14.11.2025 at 3:30 PM |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/122713/2025 **DGM (IGC)**



**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
**(Government of M.P. Undertaking)**
**Office of Dy. General Manager (STM & STC) Divsion-Guna**
**Railway Station Road, Guna, E-mail : mpczdgmstcguna@gmail.com**

**NOTICE INVITING E-TENDERS**

Online tenders are invited from eligible bidder's Electrical Contractors who are registered under relevant category on company Online QC portal as per tender specification for following electrical works :-

| Tender Reference No. | Short Description | Approx. Value of Tender (In Lakh) | Cost of Tender Form |
|---|---|---|---|
| DGM/STC-STM/ GNA/2025-26/ 54/2372 GUNA Dated 27.10.2025 | Shifting of 11 KV/33 KV Line In Area Store Guna Under Guna Town DC Of ONM Div. Guna | 3.31 | 500+18% GST 90=590/- |
| DGM/STC-STM/ GNA/2025-26/ 55/2373 GUNA Dated 27.10.2025 | Providing 126 KV NDL Connection For E-Vehicale Charging Station Infront Of Sakshi College at Myana Under Myana DC Of (O&M) Divisin Guna. | 1.31 | 200+18% GST 36=236/- |
| DGM/STC-STM/ GNA/2025-26/ 56/2374 GUNA Dated 27.10.2025 | Augmentation of 09 KM 11 KV Line Conducter at 11 KV Hameerpur Pump Feeder Under Fatehgarh DC of (O&M) Divisin Guna. | 3.04 | 500+18% GST 90=590/- |

**Date of Sale of Tender : 27.10.2025, 18:00 Hrs. up to 03.11.2025, 13:00 Hrs.**
**Due Date for Online Submission of Tender :03.11.2025 up to 13:00 Hrs.**
**Due date & Opening of Tender : 04.11.2025 at 14.00 Hrs.**

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/122707/2025 **DGM (STM & STC)**